कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक :– शिविरा–माध्य/मा–स/22461/स्वच्छ भारत/2014–19/202 दिनांक :– 11/09/2019

समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
एवं पदेन परियोजना समन्वयक
समग्र शिक्षा अभियान

विषय :– राज्य में दिनांक : 01–15 सितम्बर, 2019 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाये जाने के सम्बन्ध में।

प्रसंग :–
1. शासन संयुक्त सचिव, शिक्षा (ग्रुप–6) विभाग, जयपुर का पत्रांक : प. 24(22)शिक्षा–6/2018 दिनांक : 09.09.2019
2. राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् जयपुर का पत्रांक : F.5(4)(134)/RCScE/SWSHE/SBSV Act./2017/ 9521 दिनांक : 11.09.2019
3. विभाग का समसंख्यक पत्र दिनांक : 28.08.2019

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि संयुक्त सचिव, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली के अर्द्धशास्कीय पत्र दिनांक : 24 जुलाई, 2019 द्वारा प्रदत्त निर्देशों के क्रम में राज्य में दिनांक : 01–15 सितम्बर, 2019 तक ''स्वच्छता पखवाड़ा'' आयोजित किया जाना है। उक्त क्रम में शास्कीय निर्देशानुसार **''स्वच्छता पखवाड़ा''** मनाये जाने के लिए दिवस वार कार्य योजनानुसार क्षेत्राधिकार में प्रतिदिन की गतिविधियॉ आयोजित करवाया जाना सुनिश्चित कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया था, जिसकी निरन्तरता में निम्नानुसार कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करावें :–

01. दिनांक : 07 सितंबर, 2019 को विद्यालयों में आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में जिला स्तर पर चयनित 03 सर्वश्रेष्ठ प्रविष्ठियों में से राज्य स्तर पर चयनित 03 प्रविष्ठियों को 12 सितंबर, 2019 तक राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् जयपुर की **SWSHE Cell** में भेजना सुनिश्चित करें।
02. पूर्व में दिनांक : 14 सितंबर, 2019 को आयोजित होने वाली **''बापू को पत्र''** लेखन गतिविधि अब 13 सितंबर, 2019 को आयोजित कि जाएगी। जिसका विषय **''मेरे द्वारा स्वच्छता हेतु किया गया योगदान एवं भविष्य में स्वच्छता के प्रति मेरी प्रतिबद्धता''** को संप्रेषित करते हुए **''बापू को पत्र''** होगा। पत्र लेखन प्रतियोगिता हेतु प्रत्येक विद्यालय में दा समुह होंगे :–
(अ) कक्षा 3 से 5 तक (ब) कक्षा 6 से 12 तक।

दोनों समूहों में से प्रत्येक जिले से 03–03 सर्वश्रेष्ठ प्रविष्ठियों को 16 सितंबर, 2019 को अनिवार्य रूप से सांय 05:00 बजे तक राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् जयपुर की **SWSHE Cell** जिसकी ई–मेल आई.डी. **swshecell@hotmail.com** है, भिजवाया जाना है तथा इसकी सूचना इस कार्यालय को भी प्रेषित की जानी है।

उपनिदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

www.rajteachers.com

प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–
1. शासन संयुक्त सचिव, शिक्षा (ग्रुप–6) विभाग, जयपुर को उनके प्रासंगिक पत्र के क्रम में।
2. राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् जयपुर को उनके प्रासंगिक पत्र के क्रम में।
3. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा को समुचित पर्यवेक्षण एवं प्रभावी प्रवोधन हेतु।
4. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक शिक्षा ।
5. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा अभियान।
6. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक (माध्यमिक)